# प्रेस विज्ञप्ति
# जनपद बस्ती
# दिनांक-10.06.2022

**थाना कोतवाली पुलिस व एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान अंतर्जनपदीय ट्रैक्टर-ट्राली चोर गिरोह के 03 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की गयी ट्रैक्टर-ट्राली एवं 01 अदद तमंचा मय 01 अदद ज़िंदा व 02 अदद खोखा कारतूस किया गया बरामद-**

पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री आशीष श्रीवास्तव के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर श्री आलोक प्रसाद के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री संजय कुमार मय पुलिस टीम व प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम बस्ती श्री गजेन्द्र सिंह मय टीम की संयुक्त कार्यवाही द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली की चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 294/2022 धारा 379, 411, 413 IPC एवं ट्रैक्टर की चोरी के सम्बन्ध में थाना कलवारी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 191/2022 धारा 379, 411, 413 IPC से सम्बंधित वांछित अंतर्जनपदीय ट्रैक्टर-ट्राली की चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर **अभियुक्तों क्रमशः 1.** देवेश उर्फ नारायण पुत्र स्वर्गीय धनपत प्रसाद **2.** आत्मा साहनी पुत्र राम गोविंद साहनी **3.** कन्हैया उर्फ वकील पुत्र निर्मल को आज दिनांक-10.06.2022 को समय करीब 02:30 बजे थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बांसी रोड पर हर्दिया के पास ग्राम बरगदवा में पुलिस मुठभेड़ के दौरान 01 अदद तमंचा 12 बोर, 01 अदद जिंदा कारतूस व 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करने पर कोतवाली पुलिस टीम व एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम बस्ती द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त **1.** देवेश उर्फ नारायण के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी तथा आरक्षी शुभम चौबे के दाहिने हाथ में गोली छूकर निकल गई, जिन्हें दवा-इलाज हेतु सदर अस्पताल बस्ती ले जाया गया |

**पुलिस टीम पर फायर करने एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली जनपद बस्ती पर तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 317/2022 धारा 307 IPC तथा अभियुक्त 1. देवेश उर्फ नारायण के विरुद्ध मु0अ0सं0 318/2022 धारा 3/25/27 Arms Act पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है |**

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

**1.** देवेश उर्फ नारायण पुत्र स्वर्गीय धनपत प्रसाद निवासी ग्राम भलेद्री नगमा थाना खजनी जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) उम्र करीब 36 वर्ष।

**2.** आत्मा साहनी पुत्र राम गोविंद साहनी निवासी ग्राम जौहरी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) उम्र करीब 25 वर्ष, ।

**3.** कन्हैया उर्फ वकील पुत्र निर्मल निवासी ग्राम सिंगापुर अयोध्या थाना पुरंदरपुर जनपद महाराजगंज (उ0प्र0) उम्र करीब 32 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

**1.** एक अदद तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर।

**2.** एक अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेन्डर गाड़ी संख्या UP-53-BC-1053 (काले रंग की घटना में प्रयुक्त)।

**3.** चोरी किया हुआ ट्रैक्टर Mahindra 605-DI लाल रंग की व ट्राली नीले रंग की (मौके से बरामद)।

**4.** दो अदद मोबाईल व नगद रुपये 600/- ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक-31.05.2022 को रामनैन चौधरी पुत्र बाबूराम निवासी मड़वा नगर थाना कोतवाली जनपद बस्ती द्वारा थाना कोतवाली पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि मैं ट्रैक्टर गाड़ी संख्या UP-51-BA-1662 का स्वामी हूँ एवं दिनांक-26.05.2022 को ट्रैक्टर ड्राईवर रात में सागर ट्रेडर्स बड़े वन थाना कोतवाली जनपद बस्ती मय ट्राली कड़ी करके घर चला गया एवं दूकान का मुंशी दरवाजा बंद करके सो गया था कि रात समय करीब 02:00 बजे अज्ञात चोरों ने

ट्रैक्टर मय ट्राली चुरा लिया जिसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं नहीं मिला, जिस पर थाना कोतवाली जनपद बस्ती पर मु0अ0सं0 294/2022 धारा 379 IPC पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही थी |

दिनांक-03.06.2022 को जितेन्द्र कुमार पुत्र परमात्मा प्रसाद निवासी ग्राम सुजावलपुर थाना कलवारी जनपद बस्ती द्वारा थाना कलवारी पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरा मकान कलवारी बस्ती मार्ग पर बना है जहां रोजाना की तरह दिनांक-02.06.2022 को मैंने अपने ट्रैक्टर Mahindra 605-DI गाड़ी संख्या UP-44-AE-3178 घर के द्वार पर खड़ा किया था और रात्री में खाना खाने के बाद सो गया था और जब सुबह जगा तो ट्रैक्टर गायब था, जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद बगल में लगे CCTvमें देखा तो पाया की समय करीब 01:26 बजे 02 लोग ट्रैक्टर को लेकर दक्षिण की तरफ़ जा रहे थे, जिस पर थाना कलवारी जनपद बस्ती पर मु0अ0सं0 191/2022 धारा 379 IPC पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही थी कि आज दिनांक-10.06.2022 को समय करीब 02:30 बजे अंतर्जनपदीय ट्रैक्टर-ट्राली की चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर **अभियुक्तों क्रमशः 1.** देवेश उर्फ नारायण पुत्र स्वर्गीय धनपत प्रसाद **2.** आत्मा साहनी पुत्र राम गोविंद साहनी **3.** कन्हैया उर्फ वकील पुत्र निर्मल को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बांसी रोड पर हर्दिया के पास ग्राम बरगदवा में पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी की गई ट्रैक्टर व ट्राली के साथ गिरफ्तार किया गया |

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त **1.** देवेश उर्फ नारायण द्वारा बताया गया कि मै अपने पास अवैध तमंचा व कारतूस रखा था और चोरी किये गए ट्रैक्टर-ट्राली को बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों को देखकर डर के कारण मोटरसाइकिल को मोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे कि गाड़ी गिर गई, तब मैंने सोचा कि फायर कर दूंगा टो आप सभी हट जायेंगे और हम सभी बचाकर निकल जायेंगे लेकिन अप लोगों की फायरिंग से मेरे पैर में गोली लग गई जिसके कारण हम तीनों लोगों को आप लोगों ने पकड़ लिया |

ट्राली के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तों क्रमशः **1.** देवेश उर्फ नारायण **2.** आत्मा साहनी द्वारा बताया गया कि 10-12 दिन पहले बड़ेवन हाईवे पर स्थित गिट्टी-बालू की दूकान से स्वराज ट्रैक्टर 834-XM व एक ट्राली हम लोगों ने अतुल उर्फ़ अवध के साथ मिलकर चुराए थे जिसे कन्हैया उर्फ़ वकील को रुपये 60 हज़ार में बेच दिए थे जिसमें से रुपये 30 हज़ार हम लोगों

को मिल गया है एवं अभियुक्त **3.** कन्हैया उर्फ वकील ने बताया कि ख़रीदे हुए ट्रैक्टर को मैंने रुपये 80 हज़ार में अशोक यादव पुत्र राम लल्लन यादव निवासी ग्राम भागतापुरवा थाना बरगदवां जनपद महाराजगंज (उ0प्र0) को बेच दिया जिसमें से रुपये 30 हज़ार नहीं मिला है एवं आज हम सभी ट्राली को बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया |

ट्रैक्टर के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तों क्रमशः **1.** देवेश उर्फ नारायण **2.** आत्मा साहनी द्वारा बताया गया कि ट्रैक्टर Mahindra 605-DI को कुसौरा बाज़ार थाना कलवारी क्षेत्र से हम लोगों ने अतुल उर्फ़ अवध के साथ मिलकर चुरा कर छिपाया था जिसे आज बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया | अतुल उर्फ़ अवध ट्रैक्टर चला रहा था जोकि ट्रैक्टर खड़ा करके भाग गया एवं कन्हैया उर्फ वकील के साथ हम दोनों गाड़ी से आ रहे थे जोकि हम लोगों द्वारा चोरी की हुई गाड़ियों को नेपाल बॉर्डर के आस-पास जनपद महाराजगंज में बेचता है |

**अभियुक्त देवेश उर्फ नारायण का आपराधिक इतिहास-**

**1.** मु0अ0सं0 173/2020 धारा 379 IPC थाना गगहा जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**2.** मु0अ0सं0 23/2020 धारा 379 IPC थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**3.** मु0अ0सं0 140/2016 धारा 379 IPC थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**4.** मु0अ0सं0 360/2016 धारा 379 IPC थाना खोराबार जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**5.** मु0अ0सं0 339/2026 धारा 379 IPC थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**6.** मु0अ0सं0 341/2016 धारा 379 IPC थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।।

**7.** मु0अ0सं0 614/2016 धारा 379 IPC थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर (उ0प्र0)।

**8.** मु0अ0सं0 761/2016 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471 IPC थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर (उ0प्र0)।

**9.** मु0अ0सं0 762/2016 धारा 3/25 Arms Act थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर (उ0प्र0)।

**10.** मु0अ0सं0 2396/2016 धारा 3(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर (उ0प्र0)।

**11.** मु0अ0सं0 135/2020 धारा 379 IPC व 179(1) मोटर यान अधिनियम थाना गौरीबाजार जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**12.** मु0अ0सं0 33/2020 धारा 386/506 IPC थाना लालगंज जनपद बस्ती।

**13.** मु0अ0सं0 35/2020 धारा 4/25 Arms Act थाना लालगंज जनपद बस्ती।

**14.** मु0अ0सं0 202/2016 धारा 379 IPC थाना सहजनवाँ जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**15.** मु0अ0सं0 317/2022 धारा 307 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

**16.** मु0अ0सं0 318/2022 धारा 3/25/27 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

**17.** मु0अ0सं0 294/2022 धारा 379/411/413 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

**18.** मु0अ0सं0 191/2022 धारा 379/411/413 IPC थाना कलवारी जनपद बस्ती।

**अभियुक्त आत्मा साहनी उर्फ अमित का आपराधिक इतिहास-**

**1.** मु0अ0सं0 825/2017 धारा 307 IPC थाना खोराबार जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)।

**2.** मु0अ0सं0 6/2021 धारा 379 IPC थाना खजनी जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**3.** मु0अ0सं0 913/2020 धारा 307/399/402 IPC थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)|

**4.** मु0अ0सं0 146/2019 धारा 3(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट थाना झंगहा जनपद गोरखपुर(उ0प्र0)|

**5.** मु0अ0सं0 22/2019 धारा 41/411 IPC थाना झंगहा जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**6.** मु0अ0सं0 514/2019 धारा 147/148/149/323/332/336/34/353/504 IPC थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**7.** मु0अ0सं0 534/2018 धारा 457/380 IPC थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर (उ0प्र0)|

**8.** मु0अ0सं0 49/2019 धारा 457/380 IPC थाना झंगहा जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**9.** मु0अ0सं0 39/2019 धारा 380 IPC थाना झंगहा जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**10.** मु0अ0सं0 10/2019 धारा 457/380 IPC थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**11.** मु0अ0सं0 89/2019 धारा 379 IPC थाना खोराबार जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**12.** मु0अ0सं0 884/2020 धारा 457/380 IPC थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**13.** मु0अ0सं0 801/2019 धारा 394 IPC थाना खोराबार जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**14.** मु0अ0सं0 914/2020 धारा 41/411 IPC थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**15.** मु0अ0सं0 47/2019 धारा 41/411 IPC थाना झंगहा जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |

**16.** मु0अ0सं0 1054/2018 धारा 379 IPC थाना खोराबार जनपद गोरखपुर | (उ0प्र0)
**17.** मु0अ0सं0 64/2019 धारा 3/25 IPC थाना झंगहा जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |
**18.** मु0अ0सं0 63/2019 धारा 41/411 IPC थाना झंगहा जनपद गोरखपुर (उ0प्र0) |
**19.** मु0अ0सं0 370/2020 धारा 457/380 IPC थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) |
**20.** मु0अ0सं0 317/2022 धारा 307 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती |
**21.** मु0अ0सं0 294/2022 धारा 379/411/413 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती ।
**22.** मु0अ0सं0 191/2022 धारा 379/411/413 IPC थाना कलवारी जनपद बस्ती ।

**अभियुक्त वकील उर्फ कन्हैया का आपराधिक इतिहास-**

**1.** मु0अ0सं0 317/2022 धारा 307 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती |
**2.** मु0अ0सं0 294/2022 धारा 379/411/413 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती ।
**3.** मु0अ0सं0 191/2022 धारा 379/411/413 IPC थाना कलवारी जनपद बस्ती ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1.** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री संजय कुमार जनपद बस्ती |
**2.** प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम बस्ती उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह जनपद बस्ती ।
**3.** प्रभारी चौकी बड़े वन उ0नि0 श्री मुनींद्र त्रिपाठी, प्रभारी चौकी गांधी नगर उ0नि0 श्री मनीष जायसवाल थाना कोतवाली जनपद बस्ती ।
**4.** प्रभारी चौकी गांधी नगर उ0नि0 श्री मनीष जायसवाल थाना कोतवाली जनपद बस्ती ।
**5.** हे0का0 राकेश यादव, हे0का0 अजय दुबे, हे0का0 राम सुरेश यादव, कां0 देवेन्द्र निषाद एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम जनपद बस्ती |
**6.** आरक्षी शुभम चौबे, आरक्षी पंकज कुमार, आरक्षी हरी प्रकाश थाना कोतवाली जनपद बस्ती|
**7.** आरक्षी जनार्दन प्रजापति, आरक्षी हिन्दे आज़ाद, आरक्षी दीपक सर्विलांस सेल जनपद बस्ती|


वार्ड में गन्दगी ना करें।
10




Mahindra



